02

आज समाज

www.aajsamaaj.com

04

नई दिल्ली, पृष्ठ-04, शनिवार, 18 जून 2022 | राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र | विक्रमी संवत 2079, ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष पंचमी, मूल्य 2.00 रुपए

सिलाई–कढ़ाई परिधान डिजाइन कोर्स शुरू

बल्लभगढ़ । अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ में शुक्रवार को महिला सशक्तिकरण और छात्र–छात्राओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए सिलाई, कढ़ाई परिधान डिजाइन, टैली सर्टिफिकेशन कोर्स लेवल–2 और पार्लर कोर्स के उद्घाटन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ दीपशिखा प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ किया गया। इस कार्यक्रम के संरक्षक व मार्गदर्शक महाविद्यालय प्राचार्य डॉ कृष्णकांत गुप्ता रहे। इस भव्य उद्घाटन समारोह में गरिमामयी उपस्थिति के रूप में डॉ. अरविंद सूद (विभाग संचालक, आरएसएस फरीदाबाद विभाग) रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता देवेंद्र गुप्ता (प्रधान, महाविद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष एवं अग्रवाल विद्या प्रचारिणी सभा, बल्लभगढ़), मुख्य अतिथि अजय गौड़ (मुख्यमंत्री, राजनीतिक सचिव, हरियाणा), मुख्य वक्ता देव प्रसाद (प्रांत अध्यक्ष, विद्या भारती हरियाणा प्रदेश), विशिष्ट अतिथि अल्पना सरना (महाप्रबंधक, एचआर/सीएसआर सिंगर इंडिया), अतिथि के रूप में एमएल जैन (सचिव, वर्धमान महावीर सेवा सोसायटी, फरीदाबाद), केंद्र संरक्षक डॉ सुभाष चंद जैन (प्रधान, वर्धमान महावीर सेवा सोसायटी, फरीदाबाद), प्रदीप बंसल (राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष, अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत), तरुण कुमार व कृष्णकुमार अग्रवाल व डॉ निधि अग्रवाल (रोटरी क्लब फ?ीदाबाद, अध्यक्ष) मुख्य रूप से मौजूद रहे। महाविद्यालय में एक कदम आत्मनिर्भर भारत की ओर मुहिम को आगे बढ़ाते हुए व छात्र–छात्राओं को लाभान्वित करने के लिए वर्धमान महावीर सेवा सोसायटी, सेवा भारती फ?ीदाबाद व अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत व सिंगर इंडिया सहयोगी संस्थाओं के सहयोग से छात्र–छात्राओं को आत्मनिर्भर बनाने में अनूठी पहल की गई है। इसके साथ–साथ महाविद्यालय में जर्मन भाषा की लिपि से अवगत कराते हुए छात्र–छात्राओं को चहुंमुखी विकास की ओर अग्रसर किया जा रहा है। महाविद्यालय का यह अनूठा प्रयास महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक और मील का पत्थर साबित होगा।